देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 26.11.2024

समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- कृतज्ञ राष्ट्र आज संविधान अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए।
- कुमाऊं मंडल आयुक्त ने मैदान और पहाड़ी क्षेत्र में गलत भूमि उपयोग दिखा कर खरीदी गई जमीनों के जांच के निर्देश दिए।
- हरिद्वार जिले के विकास के लिए प्राथमिकता के आधार पर आठ करोड़ 88 लाख रुपए के प्रस्ताव पारित किए गए हैं।

संविधान दिवस

राष्ट्र आज संविधान अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। आज ही के दिन संविधान को अंगीकार किया गया था। संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं। गरीबों को अपना घर मिल रहा है और देश में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। श्रीमती मुर्मू ने देश के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे संवैधानिक आदर्शों को अपने व्यवहार में अपनाएं और अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करें और 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हमारे लोकतांत्रिक गणतंत्र की सुदृढ़ आधारशिला है। संविधान दिवस के अवसर पर सरकार ने आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। यह समारोह 26 नवम्बर, 2025 तक देशभर में आयोजित किए जाएंगे।

कैबिनेट मंजूरी

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने आयकर विभाग की पैन परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर 1 हजार 435 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस चरण में पूरे मौजूदा तंत्र को संवर्धित किया जाएगा और पोर्टल को एकीकृत किया

जाएगा। उन्होंने कहा कि पैन के दूसरे चरण में मजबूत साइबर सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। श्री वैष्णव ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा पैन नम्बर बने रहेंगे।

भूमि खरीद—फरोख्त

कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने मैदान और पहाड़ी क्षेत्र में गलत भूमि उपयोग दिखा कर खरीदी गई जमीनों के जांच के निर्देश दिए हैं। गलत तरीके से हो रही भूमि खरीद—फरोख्त के संबंध में नैनीताल जिले के सर्किट हाउस, काठगोदाम में आयोजित बैठक में श्री रावत ने सभी नगर आयुक्त, उपजिलाधिकारी और तहसीलदारों को जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुमाऊं मंडल में ढाई सौ से अधिक जमीनों के ऐसे मामले आए हैं, जिनका लैंड यूज गलत पाया गया है। पूर्व में रामगढ़ क्षेत्र में लैंड यूज गलत दिखाकर एक जमीन खरीदी गई थी, जिसको प्रशासन ने अपने अधीन कर लिया है। ऐसे कई मामले हैं जिन पर जांच की जा रही है। कुमांऊ कमीश्नर ने कहा कि जिन जमीनों का इस्तेमाल राज्य में निवेश के लिए किया जाना चाहिए था, यदि उनका इस्तेमाल गलत हो रहा है तो वह जमीन राज्य सरकार के अधीन चली जाएगी।

रेलगाड़ी संचालन निरस्त

नैनीताल जिले के काठगोदाम, लालकुआँ और रामनगर रेलवे स्टेशनों से चलने वाली चार साप्ताहिक सहित छह रेलगाड़ियों का संचालन कोहरे के कारण पूर्ण और आंशिक रूप से निरस्त कर दिया गया है। काठगोदाम—कानपुर साप्ताहिक रेलगाड़ी का संचालन आगामी 3 दिसम्बर से 25 फरवरी तक नहीं होगा। जबकि लालकुआँ—अमृतसर साप्ताहिक रेलगाड़ी पहली दिसम्बर से 23 फरवरी तक निरस्त की गई है। लालकुआँ से नई दिल्ली के आनंद विहार को जाने वाली साप्ताहिक ट्रेन और रामनगर—मुरादाबाद रेलगाड़ी को 3 दिसंबर से 27 फरवरी तक निरस्त किया गया है। वहीं काठगोदाम से हावड़ा जाने वाली बाघ एक्सप्रेस का संचालन 1 दिसम्बर से 25 फरवरी तक केवल मंगलवार के लिए स्थगित किया गया है और काठगोदाम—दिल्ली सम्पर्क क्रांति का संचालन 3 दिसम्बर से 27 फरवरी तक सप्ताह में तीन दिनों के लिए निरस्त किया गया है।

क्रियान्वयन शुरू

यू०पी०सी०एल ने विद्युत वितरण प्रणाली को अधिक सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक नई तकनीक, रियल टाइम डाटा अधिग्रहण प्रणाली (आरटी—डी०ए०एस) का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन शुरू किया है। इस योजना को राज्य सरकार के प्रयासों और केंद्र सरकार की सहायता से संचालित पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत लागू किया जा रहा है। यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक ने बताया कि इस तकनीक के इस्तेमाल से राज्य में बिजली वितरण नेटवर्क को आधुनिक और विश्वसनीय बनाने में बड़ी

सफलता मिलेगी। इससे अनियोजित बिजली कटौती की घटनाओं को कम करते हुए उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। यह परियोजना डिजिटलीकरण के युग में उत्तराखंड के ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। योजना के तहत उत्तराखंड के 215 उपसंस्थानों पर वास्तविक समय डेटा अधिकरण प्रणाली, आरटी–डी०ए०एस प्रणाली स्थापित की जा रही है। अब तक कुल 103 उपसंस्थानों में इस प्रणाली की स्थापना पूरी हो चुकी है।

## जल जीवन मिशन समीक्षा

उत्तरकाशी जिले में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजनाओं के लिए वन भूमि की स्वीकृति के लंबित प्रकरणों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। जल निगम और जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता इस काम को व्यक्तिगत तौर पर देखेगें। जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक की समीक्षा के दौरान ज़िलाधिकारी ने  पेयजल योजनाओं के लिए वन भूमि के हस्तांतरण के लंबित मामलों की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के काम के लिए अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## प्रस्ताव पारित

हरिद्वार जिले के विकास के लिए प्राथमिकता के आधार पर आठ करोड़ 88 लाख रुपए के प्रस्ताव पारित किए गए हैं। जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास की शासी परिषद की बैठक में ये प्रस्ताव पारित हुए। इन प्रस्तावों में शिक्षा, चिकित्सा आदि कार्यों को प्राथमिकता से शामिल किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि खनिज न्यास फंड के तहत प्राथमिकताओं के आधार पर विधानसभा वार कार्यों का अनुमोदन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर योजनाएं प्रस्तावित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी सदस् अपनी–अपनी योजनाएं उपलब्ध कराएं, ताकि परीक्षण कराते हुए मानकों के अनुरूप योजनाओं को शामिल किया जा सके।

## बाघ बाड़ा

उत्तराखंड के वन्यजीव संरक्षण और पर्यटन के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। देहरादून जू में वन मंत्री सुबोध उनियाल में एक बाघ बाड़े का उद्घाटन किया, जो प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए एक अनूठा अनुभव साबित होगा। यह पहल न केवल वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देगी, बल्कि उत्तराखंड को पर्यावरणीय पर्यटन का नया केंद्र बनाएगी। इस अवसर पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि बाघ संरक्षण केवल वन्यजीवों को बचाने का कार्य नहीं है, बल्कि यह हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखने और हमारी आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरणीय धरोहर सौंपने का एक प्रयास है। उन्होंने

बताया कि यह बाड़ा केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के निर्देशों और मानकों के अनुरूप बनाया गया है। बाघ बाड़ा 20 हेक्टेयर के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है, जो पर्यटकों को एक अद्वितीय अनुभव देगा। इस बाड़े में फिलहाल दो नर बाघों को रखा गया है। ये दोनों बाघ राज्य के विभिन्न हिस्सों से बचाए गए थे और पहले कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेस्क्यू सेंटर में रखे गए थे।

एम्स ऋषिकेश–उपलब्धि

चिकित्सा जगत में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए एम्स ऋषिकेश ने पहली बार रोबोटिक तकनीक का उपयोग कर बैरिएट्रिक सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की है। यह सर्जरी सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की टीम ने 51 वर्षीय महिला मरीज पर की है, जो मोटापे और उससे जुड़ी कई गंभीर समस्याओं जैसे हाई ब्लड प्रेशर, जोड़ों के दर्द और थायराइड की तकलीफ से जूझ रही थीं। संस्थान की निदेशक प्रो. डॉ. मीनू सिंह और चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर सत्या ने इस उपलब्धि के लिए डॉक्टरों की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सर्जरी एम्स ऋषिकेश की क्षमताओं और उन्नत तकनीक के उपयोग में विशेषज्ञता का प्रमाण है।

इतिहास के पन्नों में

और अब बात करते हैं इतिहास के पन्नों में आज के दिन की ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण घटनाओं की।

आज बात भारतीय संविधान दिवस, मुंबई आतंकी हमला और नेशनल मिल्क डे की...।